तापमान
अधिकतम 45.8 डिग्री
न्यूनतम 25.3 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 20 मई 2025

11 प्रतियोगिता में शांतनु-तरुण का शानदार प्रदर्शन



12 सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्रों ने मचाई धूम



# किसी को अभाव व प्रभाव से नहीं स्वभाव से अपना बनाओः पं.धीरेंद्र शास्त्री

**पानीपत।** अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच एवं बागेश्वर धाम सेवा मंडल पानीपत द्वारा हुडा के सेक्टर 13-17 ग्राउंड में श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव के तहत बागेश्वर धाम के पीठाधिश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का प्रदेश के सहकारिता एवं जेल मंत्री डा.अरविंद शर्मा ने अपने परिवार के साथ गांव डाहर स्थित सतीश गौतम के निवास पर पहुंचे तथा बाबाजी का आशीर्वाद लिया। वहीं हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण, विधायक प्रमोद विज, जगमोहन आनंद, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने बाबा को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने गणमान्य लोगों को पटका पहनाकर सम्मानित किया।

- हमारे अंदर कद, पद और मद की गर्मी न होकर प्रभु भक्ति की गर्मी होनी चाहिए



## पानीपत में श्री हनुमंत कथा अमृत महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

कथा महोत्सव में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज एवं अन्य संतों ने शामिल होकर श्री हनुमान जी की आरती उतारी। वहीं स्वामी ज्ञानानंद ने कहा कि पानीपत की धरा धार्मिक आयोजनों की धरा है। ऐसी धरा पर देश में सनातन धर्म एवं हिंदू राष्ट्र की आवाज बुलंद करने वाले बागेश्वर धाम के प.धीरेंद्र शास्त्री के आगमन से यह धरा और पवित्र हो गई है। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि जब मंत्री बिजी होता है तो उनके पीए जनता की समस्याएं सुनने आते हैं। इसी प्रकार से जब भगवान बिजी होते हैं तो महात्माओं को लोगों की बात सुनने के लिए आना पड़ता है। हमारे अंदर कद, पद और मद की गर्मी न होकर प्रभु भक्ति की गर्मी होनी चाहिए। हरियाणा अपने आप में हरी आना भक्ति का सिद्धांत है। हमें किसी को अभाव व प्रभाव में अपना नहीं बनाना चाहिए बल्कि अपने स्वभाव से अपना बनाना चाहिए। अभाव व प्रभाव से बनाए गए मित्र लंबे नहीं चलते। स्वभाव से बनाए गए मित्र अंतिम समय तक चलते हैं। उन्होंने कहा कि सोने की चेन पहने तो चोर की नजर होती है, अगर हम तुलसी की माला पहनेंगे तो चितचोर की नजर पड़ेगी। इसलिए हमें तुलसी की माला पहन कर चित चोर की नजर में रहना चाहिए। ज्ञान प्राप्त करने से ही विज्ञान की जानकारी मिलती है। अगर ज्ञान ही नहीं होगा तो विज्ञान कहां से मिलेगा। इस अवसर पर आचार्य निर्मल शास्त्री, आयोजन समिति के जिला प्रधान सतीश गौतम, महासचिव सुरेश काबरा, सतीश गोयल, पार्षद नवल जिंदल, सुरेंद्र गर्ग, हरीश बंसल, भीम सचदेवा, रमेश माटा, हरिओम तायल, नरेश सिंगला आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पानीपत : हादसे में नेपाली की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव जोशी के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा में घायल महेश कुमार सरदार, टकूवा, जिला मोरइंग, नेपाल की मौत हो गई। इधर, पोल्ट्री फार्म के मालिक विक्रम मसीह की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने महेश के शव का पोस्टमार्टम करवाया और दूसरी बाइक के चालक पर गैर इरादन हत्या के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एंटी नारकोटिक्स सेल ने मादक तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने विक्रम उर्फ टोनी पुत्र लालचंद निवासी गांव बिचपड़ी, पानीपत को 1 किलो 50 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि विक्रम पर थाना तहसील कैंप में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### लुदाना के पास स्थित टोल प्लाजा को बंद

**जींद।** गोहाना रोड पर लुदाना के पास स्थित टोल प्लाजा को बंद किया गया है। इस हाईवे से वाहन चालक अब बिना टोल दिए ही गुजर सकेंगे। इस समय गोहाना रोड के समानांतर जींद-सोनीपत ग्रीनफील्ड हाईवे निकला है, जो दो तीन माह पहले ही शुरू हुआ है। ग्रीनफील्ड पर भी चाबरी-भिड़ताना के एरिया में टोल प्लाजा बनाया गया है। दोनों हाईवे एक ही अथॉरिटी का पार्ट हैं।

## सीएम ने किया ऋषिकुलम वेलनेस सेंटर का शुभारंभ

# योग, आयुर्वेद व प्राकृतिक चिकित्सा अपनाएंः सैनी

### सीएम बोले-यह केंद्र न केवल ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| समालखा

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समालखा स्थित सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र परिसर में ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस केंद्र की सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा अपने दैनिक जीवन में योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाकर एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दें। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना जिन उद्देश्यों को लेकर की गई थी, आज वे साकार होते प्रतीत हो रहे हैं।

यह केंद्र न केवल ग्राम विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि हमारी सनातन परंपराओं और संस्कारों को और प्रगाढ़ कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर संस्था को 51 लाख रुपये देने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि आज देश को दो चीजों की आवश्यकता है, पहली हमारी सीमाएं सुरक्षित हों और दूसरा हमारा शरीर स्वस्थ हो। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में किसानों को प्राकृतिक खेती के प्रति प्रोत्साहित और जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से बचें और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों, जिससे मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उन्होंने कहा कि सेवा साधना एवं ग्राम विकास केन्द्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त स्किल सेंटर संचालित किए जा रहे हैं, जहां लगभग 450 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण है और यह केंद्र उन्हें उस दिशा में मार्गदर्शन और साधन प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह संस्था को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना सक्रिय योगदान दें।



**समालखा।** मुख्यमंत्री नसीब सैनी, ऋषिकुलम् वेलनेस सेंटर का दीप जला कर शुभारंभ करते हुए।

### निरोगी काया इंसान का पहला सुखः पवन

श्री माधव जन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन जिंदल ने कहा कि यह वैलनेस सेंटर उन लोगों के लिए नींव का पत्थर होगा जो तनाव मुक्त रहना चाहते हैं। आज के इस युग में नित्य नई-नई बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। इस वैलनेस सेंटर में नेचुरोपैथी से उन बीमारियों का इलाज किया जाएगा। इस नेचुरोपैथी केंद्र में दो आयुर्वेद डॉक्टर के साथ-साथ दो नेचुरोपैथी से जुड़े डॉक्टर और अनुभवी स्टाफ लगाया गया है। यह वैलनेस सेंटर सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, प्रांत संघ प्रताप सिंह, प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह, संस्कार भारती के संगठन मंत्री विजय भाटिया, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, पानीपत शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना आदि उपस्थित रहे।

## कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि



**नीलोखेड़ी।** नगरपालिक चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा ने गत दिवस शाम को आप्रेशन सिंदूर के तहत मारे गए शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए मातृशक्ति को एकत्र कर कैंडल मार्च निकाला।कार्यक्रम की शुरुआत पंजाबी सभा के पंजाबी भवन से हुई।सन्मीत कौर ने कहा कि देश की रक्षा में शहीद हुए सैनिकों की कुर्बानी कभी भुलाई नहीं जा सकती देश की जनता सदैव उनके परिवारों के साथ सदैव खड़ी है।शहर की गलियों में घूमकर सबने हिन्दुस्तान जिन्दाबाद और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए तथा मार्च का समापन गोलमार्केट पार्क में हुआ।मौके पर चेयरमैन प्रतिनिध सतनाम सिंह आहूजा,मंडत उपाध्यक्ष केवल कृष्ण कुकरेजा और बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

### डॉमेस्टिक एयरपोर्ट पर सहायक प्रबंधक ने की ड्यूटी ज्वाइन

**अंबाला।** डॉमेस्टिक एयरपोर्ट के सुचारू संचालन को लेकर स्टाफ तैनात करने की प्रक्रिया शुरू हो गई। सोमवार को सहायक प्रबंधक (आपरेशन) के पद पर मोहित आंनद ने ड्यूटी ज्वाइन की। परिवहन मंत्री अनिल विज ने केंद्रीय उडडयन मंत्री किंजूरापु राममोहन नायडू का धन्यवाद करते हुए कहा कि उम्मीद की जा रही है कि कि जल्द ही अन्य स्टाफ भी अपनी-अपनी ड्यूटी ज्वाइन करने वाला है।

गौरतलब है कि अंबाला छावनी में परिवहन एवं श्रम मंत्री के अथह प्रयासों से डॉमेस्टिक एयरपोर्ट स्थापित किया गया है और जल्द ही यहां से उडानें शुरू की जाएगी। अंबाला छावनी से पहले देश के चार प्रमुख स्थानों जम्मू, आयोध्या, श्रीनगर और लखनऊ के लिए फ्लाइट शुरू होगी तथा इस एयरपोर्ट के बनने से आसपास के शहरों के अलावा अन्य राज्यों के लोगों को भी विमान सेवा का लाभ मिलेगा।

## कार की टक्कर लगने से बाइक चालक की मौत

- गांव संखेड़ा के पास हुआ हादसा

**यमुनानगर।** गांव संखेड़ा के पास कार की टक्कर लगने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव छौली निवासी मांगा राम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह वह खेत गांव संखेड़ा के पास हैं। वह शाम को सात बजे खेतों से बुग्गी झोटा पर पशुओं के लिए चारा लेकर आ रहा था। जब वह संखेड़ा के पास पहुंचा तो उनके गांव का ही 30 वर्षीय विकास अपनी बाइक पर संखेड़ा की तरफ से घर जा रहा था। तभी तेज गति से कार आई। आरोपी कार चालक ने लापरवाही से कार चलाकर विकास की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विकास अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी कार चालक कुछ देर मौके पर रूकने के बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल विकास को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान विकास की मौत हो गई।

## केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के नाम पर व्यक्ति से हड़पे 36 लाख रुपये

- पुलिस ने नौ पर किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

**यमुनानगर।** केंचुआ खाद का प्लांट लगाने पर नाम पर गांव मारवाखुर्द निवासी सियाराम से 36 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप फर्म एग्रो नेचर फार्मिंगस के हिस्सेदार जोगिंद्र राज, राकेश शर्मा, नितिन शर्मा, गौरव, गोविंद, सुमन, प्रदीप, आरती व संतोष पर लगा है। गांव मारवा खुर्द निवासी सियाराम ने हुडा सेक्टर-17 पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि जोगिंद्र सिंह ने एग्रो नेचर फार्मिंग के नाम से हुडा सेक्टर-17 में कार्यालय बनाया हुआ था। आरोपी जोगिंद्र सिंह फर्म में हिस्सेदार था। अन्य आरोपी कार्यालय के अंडर काम करते थे। एक दिन उसकी मुलाकात जोगिंद्र सिंह से हुई। आरोपी ने उसे बताया कि वह केंचुआ खाद बनाने का काम करते हैं। कंपनी द्वारा ही किसानों से केंचुआ खाद खरीदा जाएगा। वह आरोपी की बातों में आ गया। आरोपी ने उसे उसके खेतों में भी केंचुआ खाद बनाने का प्लांट लगाने की बात कही। इस प्रकार आरोपी ने उससे अलग-अलग करके केंचुआ खाद का प्लांट लगाने के नाम पर करीब 36 लाख 10 हजार रुपये हड़प लिए। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। बाद में पता चला कि आरोपियों ने वहां से कार्यालय बंद कर दिया है।


### नारायणगढ़ में पानी के 45 अवैध कनेक्शन काटे

- पेयजल के सदपयोग को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया

**नारायणगढ़।** जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल कुमार चौहान के निर्देशानुसार पेयजल के सदपयोग को लेकर एक जागरूकता अभियान चलाया गया है। जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता अंकुश सहगल ने कहा कि अमूमन देखा गया है कि गर्मी के मौसम में कुछ क्षेत्रों में पयेजल की किल्लत हो जाती है। इसलिए लोग पेयजल का सदपयोग करें और अवैध कनेक्शन न लगाए। इस बारे में विशेष तौर पर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गांव भूरेवाला में जागरूकता अभियान के तहत सरपंच, पंच तथा वीडबल्यूएससी सदस्यों के साथ गांव का दौरा किया और गांव में जितने भी अवैध कनेक्शन थे व खाली प्लाटों में जितने भी पानी के कनेक्शन है, उनको बंद करने को कहा गया और मौके पर लगभग 45 अवैध कनेक्शन को बंद करवाया गया। जो नल खुले थे उन पर टूंटी लगाई गई। विभाग की टीम द्वारा गांव का सर्वे किया गया और लोगों को पेयजल की गुणवत्ता के बारे में बताया गया। गांव में मुनादी भी करवाई गई है कि अगर इन अवैध कनेक्शनों को जोड़ा गया तो विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर विभाग के कनिष्ठ अभियंता कपिल सैनी, बीआरसी पूजा रानी व फीटर तथा अन्य स्टाफ सरपंच व पंच मौजूद रहे।

## पंजाब नेशनल बैंक में दीवार तोड़कर सेंधमारी

**तरावड़ी।** रविवार रात पंजाब नेशनल बैंक शाखा तरावड़ी में अज्ञात चोर ने दीवार तोडकर सेंधमारी करके बैंक के अंदर घुस गए और बैंक के अन्दर प्रिंटिंग मशीन को एटीएम समझकर उसका प्रिंटर निकलकर बाहर फेंक गए। बैंक अंदर के अन्य सामान के साथ भी छेडख़ानी की गई। कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। बैंक मैनेजर देवेंद्र बोदला ने बताया सुबह जब सफाई कर्मचारी सफाई के लिए बैंक शाखा के अंदर आया तो देखा बैंक की पिछली दीवार में एक खोला हुआ पड़ा है। और अन्दर की तरफ ईट गिरी हुई पड़ी है। सफाई कर्मचारी ने मुझे फोन करके बुलाया मैं फौरन ब्रांच में अन्य दो साथियों को साथ लेकर पहुंचा और पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंच कर जांच की और बैंक के लगे कैमरे के फुटेज में को चेक किया और रात्रि 1:00 बजे के आसपास अज्ञात युवक दीवार तोडक़र अंदर आया । बैंक के अंदर एटीएम जैसी प्रिंटिंग मशीन के साथ छेडख़ानी करते हुए नजर आया और उसमें से प्रिंटिंग मशीन को कैश बॉक्स समझ कर बाहर ले गया। बाहर जाकर उसने देखा उसमे कुछ नही है तो उस मशीन को बाहर खुले मे छोडक़र भाग गया। उन्होंने बताया कि बड़ा नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने कैमरे की फुटेज कब्जे में लेकर तहकीकात कर रही।





पीएनबी की पिछली साईड चोरों द्वारा तोड़ी गई दिवार में खोल। मशीन से निकाला प्रिटंर, जिसे कैश बाक्स समझा।



**तरावड़ी।** बैंक मे पासबुक प्रिंटिंग मशीन जिसका प्रिटंर निकाला।

**तैयारी** सम्मेलन में लगभग 1500 शिक्षक शामिल होंगे, सभी शिक्षकों में उत्साह, तैयारियां जोरों पर

# समालखा में तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य सम्मेलन 25 मई से, सम्मेलन में जुटेंगे प्रदेशभर से शिक्षक

- संघ के क्षेत्र संघचालक पवन मित्तल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती हरियाणा द्वारा तीन दिवसीय प्रांतीय आचार्य सम्मेलन उद्दीप्त 25 से 27 मई तक श्रीमाधव जन सेवा न्यास पट्टी कल्याणा, समालखा, पानीपत में आयोजित किया जाएगा। श्रीमद भगवद गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों से बातचीत करते हुए हिन्दू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डा. ऋषिराज विशिष्ट, महामंत्री संपूर्ण सिंह, समिति के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, ग्रामीण शिक्षा विकास समिति के कोषाध्यक्ष अशोक रोशा और प्राचार्य अनिल मदान ने बताया कि आचार्य सम्मेलन मे विद्या भारती के प्रदेश भर से जुड़े शिक्षक पहुंचेंगे। उदघाटन 25 मई को होगा। उदघाटन अवसर पर मुख्यतिथि शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा मौजूद रहेंगे व अध्यक्षता जगदगुरु शंकराचार्य राज राजेश्वरानंद महाराज करेंगे। 26 मई को दिशाबोध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यतिथि के तौर पर रेलवेज के सेवानिवृत मुख्य अभियंता श्याम मित्तल मौजूद रहेंगे व अध्यक्षता ब्रह्मर्षि शिक्षण महाविद्यालय पिंजौर से स्व्वामी डा. अमृता दीदी मौजूद रहेंगी। 27 मई को समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक पवन मित्तल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और अध्यक्षता ऋषि चैतन्य आश्रम गन्नौर से आनंदमूर्ति गुरु मां करेंगी। डा. ऋषिराज विशिष्ट ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। सम्मेलन को लेकर सभी शिक्षकों में उत्साह है। सम्मेलन में लगभग 1500 शिक्षक शामिल होंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति सहित अनेक मुद्दों पर गहन चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर कलसाना विद्यालय के प्रिंसिपल संजय मित्तल, नीरज शर्मा, राजकुमार राणा उपस्थित रहे। चेतराम शर्मा ने बताया कि विद्या भारती का मुंख्य उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कार भी देना है, जिससे उनके अन्दर राष्ट्रभक्ति का भाव जागृत हो और वह एक अच्छे इन्सान बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें सके। समिति के महामंत्री संपूर्ण सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में विद्या भारती के 70 विद्यालय तथा तीन महाविद्यालय इस समय चलाए जा रहे हैं। इसके साथ-साथ 180 संस्कार केंद्र भी चल रहे हैं।



**कुरुक्षेत्र।** पत्रकारों से बातचीत करते हिन्दू शिक्षा समिति कुरुक्षेत्र के अध्यक्ष डा. ऋषिराज विशिष्ट व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## दुष्कर्म में विफल रहने पर कर दी थी बच्ची की हत्या

### आरोपी शव को रिफाइनरी के पास दिल्ली पैरलल नहर में फेंककर फरार हो गया था।

- 25 हजार का इनामी हत्यारोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कोर्ट से पांच दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत

पानीपत में दस साल की बच्ची का अपहरण कर हत्या करके फरार चल रहे इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पर 25 हजार का इनाम रखा गया था।

आरोपी की पहचान रामनगर निवासी संदीप के रूप में हुई है। सोमवार को आरोपी को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपी संदीप मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के डूंगरपुर गांव का निवासी है और हाल में राम नगर में अपने पिता व भाई के साथ रहता था। वह ई-रिक्शा चलाता था। उसका पिता व भाई बच्ची के घर के नजदीक फॉस्ट फूड व सब्जी की रेहड़ी लगाते हैं। आरोपी ने यही से बच्ची का अपहरण किया था। काला अंब क्षेत्र में आरोपी ने बच्ची के साथ रेप की कोशिश की। बच्ची, चिल्लाने लगी तो उसने मुंह व नाक दबाकर बच्ची की हत्या कर दी। आरोपी ने अगले दिन सुबह शव को रिफाइनरी के पास दिल्ली पैरलल नहर में फेंक दिया और इसके बाद फरार हो गया था। इस मामले में थाना किला में केस दर्ज है।

खबर संक्षेप

## महिला ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**यमुनानगर।** फरकपुर क्षेत्र में एक महिला ने व्यक्ति पर उसके साथ छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने उसके महिला के कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

फरकपुर क्षेत्र की 35 वर्षीय महिला ने बताया कि रविवार को वह कॉलोनी में ही किसी काम से जा रही थी। इस दौरान उसे महाबीर मिला। आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। उसके शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## देसी कट्टा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की सीआईए वन व सीआईए टू पुलिस टीम ने अगल-अलग स्थानों से दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देसी कट्टे व जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सीआईए वन की टीम ने सूचना के आधार पर शहर के चांदपुर मोड के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसकी पहचान यूपी के जिला सहारनपुर के गांव नीरज व हाल कैंप कॉलोनी में मस्जिद के नजदीक किरायेदार के रूप में हुई। सीआईए टू ने हाइवे रैस्ट एरिया के पास से यूपी के सहारनपुर निवासी शाहरूख उर्फ चेला के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग

# उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के सदस्यों ने सचिवालय के सामने किया प्रदर्शन

**प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को सौंपा प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन, मध्यम व लघु राष्ट्र के विकास की रीढ़ ऑनलाइन कंपनियों का वर्चवस्व बढ़ने से प्रभावित हो रहा कारोबार**



यमुनानगर। सोमवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य व व्यापारी। फोटोः हरिभूमि।



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में छात्राओं को स्टार्टअप के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता धर्मबीर कांबोज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के सदस्यों व व्यापारियों ने ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सोमवार को जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया। मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों अमेजोन, फ्लिपकार्ट व वालमार्ट जैसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की। मंडल के सदस्यों व व्यापारियों ने ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी भी की।

सोमवार सुबह उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के सैंकड़ो सदस्य और व्यापारी मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल, यमुनानगर शाखा के जिला अध्यक्ष दीपक कपूर व कार्यकारी जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता के नेतृत्व में जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान मंडल सदस्यों व व्यापारियों ने ऑनलाइन व्यापार करने वाली कंपनियों के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद मंडल सदस्यों ने जिला सचिवालय में पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से मौके पर मौजूद एसडीएम सोनू राम को ज्ञापन सौंपा। मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने कहा कि लघु व मध्यम व्यापारी राष्ट्र के विकास की रीढ़ की हडडी हैं। लघु व मध्यम व्यापारी समाज के दुख सुख में भी हमेशा साथ देते हैं। कोविड काल में भी स्थानीय व्यापारी वर्ग के द्वारा देश के आर्थिक मोर्चे पर डट कर समाज सेवा की। व्यापारी राष्ट्रहित व समाजसेवा के लिए प्रतिबद्ध हैं। मगर पिछले काफी समय से ऑनलाइन कंपनियों का वर्चवस्व काफी बढ़ गया है। जिससे व्यापार पर प्रभाव पड़ रहा है। प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने कहा कि पिछले दिनों हुए कुछ घटनाक्रम से जानकारी में आया है कि कई विदेशी कंपनियां ऑनलाइन नकली व डुप्लीकेट सामान बेच रही हैं। जिससे यह अधिक छूट का लालच उपभोक्ताओं को देकर दुकानदारों, व्यापारियों का कार्य प्रभावित कर रही हैं। इससे जहां भारतीय बाजारों का व्यापार प्रभावित हो रहा है। वहीं, दुकानदारों के भविष्य पर भी संकट मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के ई कॉमर्स में दस हजार से अधिक कंपनियां हैं। मगर अकेले अमेजोन 32 प्रतिशत व फ्लिपकार्ट 36 प्रतिशत का व्यापार कर रही हैं। जिसके कारण भारत का खुदरा व्यापार खत्म होने के कगार पर है। महेन्द्र मित्तल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भी 26 प्रतिशत के टैरिफ लगाए हैं। यदि वे हमारे सामान पर टैरिफ लगा सकते हैं तो हमे भी अपने देशहित व व्यापारियों व दुकानदारों के हित को देखते हुए इन कंपनियों पर गलत तरीके से व्यापार करने पर अंकुश लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि यह कंपनियां इसी प्रकार देश में अपने पांव पसारती रही तो भारतीय बाजार व दुकानदारों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा जाएगा। उन्होंने अपने मांगपत्र में इन विदेशी कंपनियों पर रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर मंडल के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष संजय मित्तल, करनैल सिंह, सतविंदर चावला, संजीव गुप्ता, विजय सेठी, कमल धीमान, सुरेश धीमान, महेश पासी, सौरभ, तरूण शर्मा, अनिल सपरा, प्रांजल गुप्ता व राजकृष्ण आदि मौजूद थे।

## जरूरतों के अनुसार तैयार स्टार्टअप से छू सकते हैं बुलंदियां: धर्मवीर

■ डीएवी गर्ल्स कॉलेज में एक्सटेंशन लेक्चर का हुआ आयोजन।

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल की ओर से स्टार्टअप की प्लानिंग के लिए सोमवार को कानूनी व एथिक्ल स्टेप्स पर आधारित एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित प्रगतिशील किसान धर्मवीर कांबोज ने मुख्य वक्ता के रुप में भाग लिया। जबकि कॉलेज की मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबडा व आईसीसी कनवीनर विवेक ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

प्रगतिशील किसान धर्मवीर कांबोज ने कहा कि बिजनेस के लिए आइडिया तो सभी के पास होते हैं। लेकिन उन्हें धरातल पर कोई कोई ही उतार पाता है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने आसपास के क्षेत्र में लोगों की जरूरतों के मुताबिक स्टार्टअप शुरू करें। ऐसा करने से जहां लोगों की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। वहीं नए बिजनेस से युवा भी मोटिवेट होंगे। स्टार्टअप का नाम देकर उसे रजिस्ट्रर्ड करवाएं। जिला उद्योग केंद्र की सहायता से रजिस्ट्रर्ड करवाना जरूरी है। प्राइवेट कंपनी बनाकर उद्योग को शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने बहुत सारी इनोवेशन के बारे में छात्राओं को विस्तार से जानकारी दी। जिसमें उन्होंने सूटकेस को कुर्सी में तब्दील करने, अमरजेंसी लाइट, शीशम के पत्ते का पेस्ट से जख्म को भरने,गिलोय की बेल से औषधी तैयार करने, जामुन की कैंडी व गुठलियों से दवाइयां बनाने सहित अन्य चीजों के बारे में बताया। उन्होंने छात्राओं को एलोविरा जूस, चूर्ण, एलोविरा अर्क, जैल, साबून, हैंडवास, शैंपू बनाने के अलावा जामुन कैंडी, स्ट्रोबेरी श्रीखंड, आंवला जूस सहित अन्य चीजें बनाने के बारे में भी बताया।

उन्होंने अपनी मल्टीपर्पस फूड प्रोसेसिंग मशीन के बारे में छात्राओं को अवगत कराया। मशीन के जरिए फ्लों के बीज तोडे बिना जूस तैयार किया जा सकता है। बहुत सारे किसान नई तकनीकों को अपनाकर फूड प्रोसेसिंग मशीन के माध्यम से विभिन्न उत्पाद तैयार कर रहे हैं। जिनकी मार्केट में खूब डिमांड है। किसान धर्मवीर ने बताया कि कीनिया, नैरोबी, कीटूई, मचासा, तंजानिया, यूगांडा, नाईजीरिया साहित अन्य देशों को उन्होंने निःशुल्क टेक्नालॉजी मुहैया करवाई है। मौके पर शालिनी छाबडा ने कहा कि किसी भी स्टार्टअप में आनी वाली समस्याओं का समाधान करके बुलंदियो को छुआ जा सकता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ममता थापर, मनिका सेठी व नेहा ठाकुर ने सहयोग दिया।



## समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता व प्रशासन में सीधा संवाद बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सोमवार को जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी व उनका समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता से तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

नगराधीश ने बताया कि समस्या समाधान शिविरों का मुख्य उदेश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। अब शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं।

### सात शिकायतों का निपटारा

नगराधीश ने बताया कि समाधान शिविर में सात शिकायतें प्राप्त हुई हैं। जिनमें थापर कॉलोनी निवासी एसएस दुआ ने सिवरेज व नालियों में ब्लॉकेज की समस्या रखी। जगाधरी निवासी चेतन कुमार ने वन विभाग की जमीन को लेकर शिकायत रखी। खारवन निवासी नरेश कुमार व नगला निवासी धर्मेन्द्र ने पुलिस संबंधित समस्या रखी। इसी प्रकार यमुनानगर निवासी विपिन चंद शर्मा ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे समस्या रखी। इस अवसर पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, डीआरओ तरुण सहोता, डीएसपी कंवलजीत आदि मौजूद रहे।

## आवश्यकता अनुसार करें पानी की प्रयोगः गोयल

**यमुनानगर।** जन स्वास्थ्य ने सरस्वती नगर में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया। जिला सलाहकार रजनी गोयल और एसडीओ पलविंदर सिंह ने जल घर के डोजर का निरीक्षण किया व पंचायत सदस्यों ने जल संरक्षण की शपथ ली। रजनी गोयल ने जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता के बारे जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार ही पानी का प्रयोग करें निरर्थक पानी बिल्कुल न बहाएं। अपनी भावी पीढ़ी के लिए जल बचाये और आवश्यकता के अनुसार ही जल का प्रयोग करें, खुले चल रहे नलों पर टूंटी अवश्य लगवाए, क्योंकि जल जीवन दाता है। जल बचाया जा सकता है बनाया नहीं जा सकता। पानी का सम्मान करें। पानी की क्लोरिनेशन की जांच की विधि बताई व सैंपल चेक किया गया। जिसमें क्लोरीन उचित मात्रा में पाई गई। इस मौके पर सरपंच सुखराज सिंह, जूनियर इंजीनियर कमल बक्षी, बीआरसी मेनका व खंड सरस्वती नगर की ग्राम पंचायतों से सरपंच व पंच इत्यादि मौजूद रहे।



# ग्लोब स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते 40 पदक

■ जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में छाए स्कूल के खिलाड़ी, विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित।




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के कराटे खिलाड़ियों ने गत दिवस डिस्ट्रिक्ट कराटे एसोसिएशन कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप 2025 में दस स्वर्ण पदक समेत 40 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। सोमवार को विजेता खिलाड़ियों के स्कूल में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक विजय कुमार ने बताया कि ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, 10 रजत व 20 कांस्य पदकों के साथ कुल 40 पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। पदक जीतने वाले खिलाडियों में अमृतपाल, मनन, कुणाल, मोहित, रमणीक, भगत राम, एरिक, सार्थक, विराज व दुअंश ने स्वर्ण पदक हासिल किया। जपमन, मयंक, आद्विक, युवराज, रुद्रवीर, दिग्विजय, अर्जुन, भाविक, दीपांशु व यश्विन ने रजत पदक जीता । जबकि एविक, रुद्रांश, दिग्विजय, इशिका, दक्ष, गुरवंश, हर्षित भाटी, अगम भाटी, नक्ष, ध्रूव,आरव, मितांश, खवीश, रेशव कुमार, अरमान, माणिक सैनी, भाविका, रूही, मयंक व विराट ने कांस्य पदक जीता। स्कूल के खिलाडी अमृतपाल सिंह को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया व उन्हें पुरस्कार दिए गए। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनायें दी।

## सैनी समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा भागीरथ जयंती

**रादौर।** सैनी समाज ने सोमवार को महाराजा भागीरथ की जयंती धूमधाम से मनाई गई। समाज के प्रधान संदीप सैनी की अगुवाई में पुष्पार्पित कर उन्हें नमन किया। प्रधान ने कहा कि महाराजा भगीरथ अयोध्या के इक्ष्वाकु सूर्यवंशी राजा थे। वह अंशुमान के पौत्र और राजा दिलीप के पुत्र थे। अंशुमान अपने पुत्र दिलीप को राज्य भार सौंप कर गंगा को पृथ्वी पर लाने की चिंता में ग्रस्त थे। उन्होंने घोर तपस्या करते हुए शरीर त्याग किया। राजा दिलीप गंगा को पृथ्वी पर लाने का कोई मार्ग नहीं सोच पाए और बीमार होकर स्वर्ग सिधार गए। भगीरथ के सामने अपने पितामह का वचन और पिता का तप था। उन्होंने अपनी कठिन साधना और घोर तपस्या के बल पर भगवान शिव को प्रसन्न कर लिया। वह गंगा को पृथ्वी पर लाने में सफल हुए।



# विशेषज्ञों ने कार्यशालाओं से किया ज्ञान सांझा

■ ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट में हुआ फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का किया गया आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य शिक्षकों की शोध क्षमताओं और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञों ने व्याख्यान और प्रयोगात्मक कार्यशालाओं के माध्यम से ज्ञान सांझा किया।

गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ फार्मेसी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.रामेश्वर दास द्वारा द्वारा डिजाइन एक्सपर्ट व एसपीएसएस सॉफ्टवेयर पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने सांख्यिकीय विश्लेषण, डिजाइन ऑफ एक्सपेरिमेंट्स (डीओई) व डाटा इंटरप्रिटेशन की जानकारी दी। वहीं चौधरी देवी लाल कॉलेज ऑफ फार्मेसी के असिस्टेंट प्रोफेसर मोहित कांबोज ने नेटवर्क फार्माकोलॉजी पर अत्यंत ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया और बताया कि किस प्रकार यह तकनीक दवा खोज प्रक्रिया को नए स्तर पर ले जा रही है।

इसी तरह डॉ.अजमेर सिंह ने कंप्यूटेशनल ड्रग डिस्कवरी के आधुनिक टूल्स व तकनीकों को विस्तार से समझाया। डॉ.बीनू रैना ने क्रोनो-टेलर्ड ड्रग डिलीवरी सिस्टम पर व्याख्यान दिया और बताया कि किस प्रकार शरीर की जैविक घड़ी के अनुसार दवा देने से उपचार के परिणामों में भी सुधार किया जा सकता है।

प्राचार्य डॉ.अश्वनी ढींगरा ने कहा कि संस्थान में हमेशा सीखने व अनुसंधान की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाता हैं। ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों और छात्रों को नवीनतम जानकारी से जोड़ते हैं। प्राचार्य डॉ.अश्वनी ढींगरा सभी विशेषज्ञों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।




## न्यू हैप्पी की टेबल टेनिस प्रतियोगित में रवनीत व वंशदीप विजेता

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में सोमवार को कक्षा छठी व सातवीं के विद्यार्थियों के लिए टेबल टेनिस एवं शतरंज प्रतियोगिता का हुई। जिसका शुभारंभ प्राचार्या तोशल व निदेशक विकास शर्मा ने किया। प्राचार्या ने बताया कि 7वीं की लड़कियों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में रवनीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाग्यश्री ने द्वितीय और मानवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 7वीं के लड़कों में वंशदीप ने प्रथम, अर्जुन ने द्वितीय व हरसिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा छठी की लड़कियों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महक ने प्रथम, दिशिता ने द्वितीय और अनन्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा छठी के लड़कों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतीक ने प्रथम ,ओम ने द्वितीय और किरत व आयुष्मान ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# राष्ट्रीय निबंध में रेवाड़ी की अंजली प्रथम

■ फतेहगढ़ साहिब की जसप्रीत कौर द्वितीय और सोनीपत की कीर्ति शर्मा तीसरे स्थान पर रही।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के आईक्यूएसी सेल व भौतिकी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान शिक्षा दिवस के उपलक्ष में राष्ट्रस्तरीय ऑनलाइन निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई। जिसमें देशभर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के 67 प्रतिभागी शामिल हुए। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. कैथरीन मसीह ने बताया कि निबंध लेखन में केएलपी कॉलेज रेवाड़ी की छात्रा अंजली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूनिवर्सिटी ऑफ कॉलेज चुन्नी कलां फतेहगढ़ साहिब की छात्रा जसप्रीत कौर ने द्वितीय व जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की छात्रा कीर्ति शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतिभागियों को परमाणु कण और ब्रह्मांड के निर्माण खंड, समाज में एआईए चिकित्सा भौतिकी में नौकरी के रुझान, वैज्ञानिक कानून और सिद्धांत व एक सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण जैसे विचारोत्तेजक विषयों पर लिखने के लिए आमंत्रित किया गया था। जिनके बारे में प्रतिभागियों ने अपने विचार निबंध लेखन में प्रक्ट किए। प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को ऐसे शैक्षणिक प्रयासों में शामिल करने से न केवल उनकी समझ गहरी होती है। बल्कि उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा और रचनात्मकता का भी पोषण होता है।

डॉ. मंदीप कौर, सुश्री प्रतिभा, डॉ. मनपुनीत कौर आदि ने कहा कि हमें प्रतिभागियों में इस तरह के उत्साह और समझ की गहराई को देखकर गर्व है। उनकी भागीदारी विज्ञान और शिक्षा के लिए एक आशाजनक भविष्य को दर्शाती है। कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने विजेताओं को बधाई और शुभकॉमनाएं दी। ऐसी प्रतियोगिताएं विज्ञान प्रगति को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ऐसे आयोजनों में भाग लेने का आह्वान किया।

### निर्मल अस्पताल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

# गर्मी में खानपान में बरतें ऐहतियातः डॉ. निर्मल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मौसम में बढ़ रहे तापमान व उमस की वजह से अस्थमा, सांस व शुगर जैसी बीमारियों से बचने के लिए लोगों को अपने खान पान पर विशेषकर ध्यान देना चाहिए। अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने सोमवार को शहर के कैंप के निर्मल अस्पताल में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में यह बात कही। शिविर में 185 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त में दवाइयां दी गई। इस दौरान अधिकांश मरीज सांस, अस्थमा, हृदय व दमा रोग के पाए गए।

डॉ. निर्मल सिंह के नेतृत्व में कुशल चिकित्सकों की टीम ने 185 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। इस दौरान विभिन्न बीमारियों से पीड़ित करीब दो दर्जन से अधिक बच्चों के स्वास्थ्य की बाल रोग विशेषज्ञों ने जांच कर दवाइयां दी। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर में अधिकांश मरीज सांस, दमा, शुगर, हृदय व अस्थमा से पीड़ित पाए गए।





## पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरीः सुशांत

**यमुनानगर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत सोमवार को इंटरनेशनल केमिकल इंडस्ट्रीज ने ममीदी स्थित कार्यालय में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी के प्रबंधक निदेशक सुशांत भार्गव व वित्त निदेशक अभिषेक भार्गव ने आम का पौधा रोपित करके कार्यक्रम का शुभारंभ कर कर्मचारियों व अधिकारियों ने आसपास के क्षेत्र में फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए। सुशांत भार्गव ने कहा कि प्रदूषण की वजह से वातावरण दूषित हो रहा है। जिसकी वजह से मानव जीवन अस्वस्थ होने लगा है। हमें प्रदूषण को समाप्त करने के लिए व वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करना चाहिए। अभिषेक भार्गव ने बताया कि कंपनी द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी द्वारा जेट फिनाइल समेत कई उत्पाद बनाए जा रहे हैं। मगर उनके साथ-साथ कंपनी द्वारा सामाजिक कार्यों में भी अपना पूरा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण स्वच्छ रखने के लिए अपने त्योहारों व जन्मदिनों के अवसर पर कम से कम एक-एक पौधा अवश्य लगाए।

### 50 बच्चों का जांचा स्वास्थ्य

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में बाल रोग विशेषज्ञों द्वारा 50 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान बच्चों को गर्मी में होने वाली बीमारियों से बचाव को लेकर उनके अभिभावकों को चिकित्सकों ने उनके खानपान पर ध्यान देने और गर्मी में घर से बाहर नहीं निकलने देने के बारे में विस्तार से बताया।

मौसम के तापमान में जहां बढ़ौत्तरी हो रही है, वहीं, उमस बढ़ने लगी। जिसकी वजह से सांस, दमा, हृदय, अस्थमा व शुगर के मरीजों को ऐहतियात बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में पिछले चौदह वर्षों से हर माह निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर लोगों की सेवा की जा रही है। इस मौके पर बाल रोग विशेषज्ञों ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दी।

## जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन

# गांव यारा में हत्या के मामले में सास-ससुर को जांच में शामिल करे पुलिस : राजेश नागर

### राज्यमंत्री ने 14 में से 9 शिकायतों का मौके पर किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। कष्ट निवारण समिति की बैठक में शिकायतों का समाधान करते राज्य मंत्री राजेश नागर और कष्ट निवारण समिति की बैठक में अपनी शिकायत रखते फरियादी।

हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्यमंत्री राजेश नागर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव यारा में एक व्यक्ति की हत्या के मामले में शिकायतकर्ता के अनुरोध अनुसार सास ससुर को जांच में शामिल किया जाए। इसके साथ ही शाहबाद एसएचओ को बदला जाए और इस मामले से संबंधित वीडियो की रिपोर्ट आने के बाद सख्त कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। राज्यमंत्री राजेश नागर सोमवार को नए लघु सचिवालय के सभागार में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में बोल रहे थे। इससे पहले राज्यमंत्री राजेश नागर ने समिति के एजेंडे में शामिल 14 में से 9 शिकायतों का मौके पर समाधान किया और 5 लंबित शिकायतों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए ताकि अगली बैठक में इन शिकायतों का भी समाधान संभव हो सके। राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव यारा निवासी केशव व उसके परिजनों की शिकायत को दोबारा सुना और इस शिकायत पर पुलिस प्रशासन की तरफ से भी एएसपी द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई से सम्बन्धित तथ्यों के आधार पर पक्ष भी रखा। इसके बावजूद शिकायतकर्ता ने कार्रवाई करने की दोबारा सिफारिश की। राज्यमंत्री ने शिकायतकर्ता की दलील सुनने के बाद आदेश दिए कि इस मामले में 2 और लोगों सास ससुर को भी जांच में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक लैब पंचकूला से वीडियो की रिपोर्ट आने के बाद अगर कोई दोषी मिले तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए और शिकायतकर्ता के बार-बार अनुरोध करने पर एसएचओ का तबादला करने के लिए भी पुलिस अधीक्षक को कहा है। फिलहाल इस मामले में एसआईटी जांच कर रही है। इस जांच को जल्द से जल्द पूरा करने के भी निर्देश दिए है। इस बैठक में राज्य मंत्री ने सिरसला निवासी शारदा रानी, सेक्टर 13 निवासी ज्ञान सागर, गांव बरगट निवासी गुरनाम सिंह, गोबिंदपुर निवासी गुलाब सिंह, गांव छपरा निवासी प्रदीप कुमार, गांधीनगर निवासी महेन्द्र सिंह, लोटस ग्रीन सिटी निवासी रामकली, सेक्टर 3 निवासी वीना शर्मा आदि शिकायतों को सुना। राज्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 14 में से 9 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने मेहमानों का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल, भाजपा के जिला अध्यक्ष तिजेन्द्र सिंह गोल्डी, जिला परिषद की अध्यक्षा कंवलजीत कौर, चेयरमैन जय सिंह पाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### सड़क निर्माण कार्य को लेकर जांच के आदेश

हरियाणा के राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव बारना निवासी सुभाष चंद की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आदेश दिए कि बारना गांव में सीएचसी से होते हुए ढांड रोड तक मई 2024 में बनाई सडक के निर्माण कार्य को लेकर एसडीएम थानेसर जांच करेंगे। इस जांच में कमेटी के सदस्य राजेश मिजार्पुर व सुरेन्द्र सहयोग करेंगे। इस जांच रिपोर्ट में दोषी पाई जाने पर सम्बन्धित एजेंसी और अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मिस्त्री मोहित को 27 हजार रुपए दिलवाने के निर्देश

राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव बडौली निवासी मोहित कुमार की शिकायत सुनने और श्रम विभाग के अधिकारियों की दलील व मामलें की बारीकी से जानकारी लेने के बाद आदेश दिए कि मिस्त्री मोहित कुमार को समझौते के अनुसार 27 हजार रुपए की राशि 12 जून 2025 की बजाए आगामी 2 दिनों के अंदर संबंधित एजेंसी से करवाई जाए। अगर 2 दिन के अंदर मिस्त्री को राशि नहीं मिलती तो दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### एनडीसी मामले में उपायुक्त करेंगी जांच

राज्यमंत्री राजेश नागर ने गांव खरींडवा निवासी कृपाल सिंह की शिकायत के तमाम तथ्यों पर बारिकी से चिंतन और मंथन किया तथा नगर परिषद थानेसर के अधिकारियों का पक्ष भी जाना। इस शिकायत पर शिकायतकर्ता को न्याय दिलवाने के लिए राज्यमंत्री ने उपायुक्त कुरुक्षेत्र को एनडीसी जारी करने से सम्बन्धित पूरे मामले की जांच करने के लिए नियुक्त किया है। राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि अगर जांच में नगर परिषद के अधिकारी दोषी पाए गए तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मेकिंग प्रतियोगिता में मिलेगा 1-1 लाख रुपये का इनाम

*जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक में न्यू मिजार्पुर कालोनी निवासी एवं छात्र अनिल ने हाउस के समक्ष समस्या रखते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2024 में केडीबी के माध्यम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने पवित्र ग्रंथ गीता को लेकर फिल्म मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस आयोजन में प्रथम स्थान पर आने वाले को 1 लाख और द्वितीय को 51 हजार और तृतीय को 21 हजार रुपए की इनाम राशि देनी तय की थी। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर 3, द्वितीय पर 3 और तृतीय स्थान पर भी 3 प्रतिभागियों को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया और इस पुरस्कार राशि को आपस में बांटने के आदेश दिए गए जोकि नियमानुसार गलत है। इस विषय पर सीईओ केडीबी पंकज सेतिया और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की तरफ से प्रोफेसर तिजेन्द्र शर्मा ने भी अपना पक्ष रखा। इस मामले में राज्यमंत्री राजेश नागर ने उपायुक्त नेहा सिंह से भी चर्चा की और उपायुक्त ने भी विस्तार से जानकारी दी। राज्यमंत्री ने आदेश दिए कि प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रखे गए सभी प्रतिभागियों को केडीबी द्वारा तैयार की गई इनाम राशि मिलनी चाहिए।*



## राजकीय कन्या विद्यालय थानेसर की टॉपर छात्रा प्रियंका को किया सम्मानित

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में 12वीं कक्षा के साइंस कॉमर्स आर्ट्स में ए फर्स्ट सेकंड थर्ड स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को स्कूल स्टाफ व प्रधानाचार्य द्वारा तिलक लगाकर फूल माला पहनाई गई व स्मृति चिन्ह भेंट की गई। साथ ही साथ छात्राओं के अभिभावकों का भी मान सम्मान के साथ स्वागत करते हुए जलपान करवाया गया। इस अवसर पर सहजयोग परिवार की तरफ से योगाभ्यास करवाया गया। उन्होंने छात्राओं को ध्यान लगाना व मन को केंद्रित करना सिखाया। समस्त स्टाफ ने सहज योग के इस कार्यक्रम में सहभागिता की प्राचार्य अश्विनी कुमार ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर की जिला स्तरीय टॉपर रही छात्रा प्रियंका तथा उनके पिता का सम्मान किया। प्राचार्य जी ने छात्रा के जिला टॉपर होने व छात्राओं द्वारा इतनी ज्यादा संख्या में मेरिट प्राप्त करने पर बहुत प्रफुल्लित थे। उन्होंने छात्रों की अन्य स्कूल गतिविधियों के साथ-साथ प्राचार्य ने बताया कि इन छात्राओं ने न केवल विद्यालय स्तर पर बल्कि जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के साथ-साथ उत्तम अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन करने पर भूरी भूरी प्रशंसा की। विद्यालय की कई छात्राओं ने 75% से ऊपर अंक प्राप्त करके मेरिट में स्थान प्राप्त किया।



कुरुक्षेत्र। मंदिर में नतमस्तक होने पहुंचे अनुपम स्कूल के विद्यार्थी व टीचर्स।

## अनुपम शिक्षा निकेतन में 10वीं का परिणाम शत प्रतिशत

**कुरुक्षेत्र।** अनुपम शिक्षा निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पटेल नगर में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। प्रधानाचार्या ऊर्णिमा गौड़ ने बताया कि कक्षा दसवीं के गरिमा सैनी ने 442, आकाश ने 441, भावना ने 433, अंजलि ने 423, दिव्या शर्मा ने 421, इशिका ने 412, अरमान सैनी ने 405, आरती ने 389, वैष्णवी ने 384, राहुल ने 366, यमन ने 356, केशव ने 284, नमन ने 273, इकनूर ने 264 और रमनदीप ने 238 अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्या ने इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर मेधावी छात्रों को मिठाई खिलाते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय सचिव आशुतोष गोड़ ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के साथ पटेल नगर एवं न्यू कॉलोनी में एक रैली निकाली तथा सनातन धर्म मंदिर, हनुमान मंदिर एवं गुरुद्वारे में जाकर परमात्मा का धन्यवाद किया व आशीर्वाद प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप



### एसटीजी ने पठन कौशल विकास पर की चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में निपुण हरियाणा के तहत मेन्टर्स के 8 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। प्रशिक्षण शिक्षा विभाग द्वारा करवाया जा रहा है. कुरुक्षेत्र के विद्यालय में चल रहे राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में चार समूह बनाए गए हैं सभी समूहों में लगभग 160 केआरपी ट्रेनिंग ले रहे हैं जिनमें चरखी दादरी, भिवानी, कैथल, फतेहाबाद और रोहतक जिले के एबीआरसी में बीआरपी मेंटर प्रतिभागी हैं। इस प्रशिक्षण में एसटीजी राज्य प्रशिक्षण समूह से डॉक्टर बलराज, डॉक्टर नरेंद्र बालियान, विकास वर्मा, प्रवीण कुमार, सत्यवान, अमनदीप, सतीश जांगरा कमल डॉक्टर सतीश रंगा, वीरेंद्र कुमार,गुलदीप सिंह ने अपने एवं भूमिका अदा की हुई है। प्रशिक्षण की देखने के लिए एसपीआईयू की टीम में स्तुति, विपुल कुमार सहित अन्य अधिकारी भी समय समय पर निरीक्षण कर रहे है।

## प्रतियोगिता में शांतनु-तरुण का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- वायरविंग्स अकादमी कुरुक्षेत्र ने एक दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया

वायरविंग्स अकादमी कुरूक्षेत्र द्वारा एक दिवसीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कियो जिला कुरुक्षेत्र बैडमिंटन संघ के महासचिव प्रोफेसर पी.सी. तिवारी ने बताया कि 110+ वर्ग में संदीप और प्रमोद की जोड़ी ने स्वर्ण पदक एवं नरेंद्र कुकरेजा व राज ने रजत पदक अर्जित किया। वंही दूसरी और अंडर 100+ वर्ग में संदीप और विनय की जोड़ी ने स्वर्ण पदक एवं डॉ पी.सी. तिवारी और राज की जोड़ी ने रजत पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त 60+ वर्ग में डॉ शांतनु और तरुण शर्मा की जोड़ी ने मनीष व सुमित की जोड़ी को 21-16 और 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक अर्जित किया। 70+ वर्ग में शिवम और संदीप की जोड़ी जोड़ी ने सुमित वी रमन दीप को 21-17 और 21-15 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। राज राज और विवेक शर्मा की जोड़ी ने राजेश व मनीष की जोड़ी को 21-17 और 21-18 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित जिला कुरुक्षेत्र महासचिव प्रोफेसर पीसी तिवारी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।




## दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया अभियान



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेऐम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए उनको उनके अधिकार बताने के लिए जागरुकता अभियान चलाया गया है। इसके तहत डीएलएसए द्वारा एक टीम गठित की गई है। गठित टीम द्वारा गांव देवीदासपुरा, रामपुरा में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में बताया गया। उन्हें डीएलएसए द्वारा दिव्यांग जनों के लिए चलाई जा रही नालसा स्कीमस की भी जानकारी दी गई।

## छात्राओं को सिखाई फैशन ज्वेलरी मेकिंग तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- केयू में एक दिवसीय कार्यशाल का आयोजन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में इनस्टिट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज के होम साइंस विभाग द्वारा फैशन ज्वेलरी मेकिंग तकनीक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला बैचलर ऑफ होम साइंस द्वितीय वर्ष की छात्राओं के लिए आयोजित की गई थी। कार्यशाला में छात्राओं को मोल्डिट क्ले, फैब्रिक, पेपर क्विलिंग आदि की सहायता से आभूषण निर्माण की विविध तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही, अपशिष्ट वस्त्रों से हेयर और फैशन एसेसरीज बनाने की विधियाँ भी सिखाई गईं। इस कार्यशाला में आर्ट एंड क्राफ्ट डिजाइनर व सफल महिला उद्यमी कुमारी अमनदीप कौर ने अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं को न केवल कला और डिजाइन की बारीकियाँ सिखाईं, बल्कि उन्हें क्रिएटिविटी को व्यवसाय में बदलने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। उन्होंने ज्वेलरी डिजाइनिंग को स्वरोजगार और स्टार्टअप के रूप में अपनाने के संभावित अवसरों पर भी प्रकाश डाला। कार्यशाला का आयोजन डॉ. रजनी गोयल, विभागाध्यक्ष, होम साइंस विभाग के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्राओं में रचनात्मकता एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना, उन्हें स्वनिर्माण के लिए सक्षम बनाना और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करना था। आयोजन को सफल बनाने में मंजू, शक्ति शर्मा और अनु का विशेष सहयोग रहा।





## एआई पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सोमवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसः इनसाइट्स एंड इम्पैक्ट्स पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. निधि बगड़िया, पुस्तकालय विज्ञान विभाग के सीनियर रिसर्च फैलो सुखबीर सिंह, मारकंडा नेशनल कॉलेज, शाहबाद के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार व गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र के ु स्तकालयाध्यक्ष डॉ. संजीव धीमान द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पुस्तक के लेखकों को बधाई देते हुए कहा कि आज के युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केवल तकनीकी नवाचार का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह समाज, शिक्षा और व्यवसाय के हर पहलू को नया आयाम देने वाला एक सशक्त उपकरण बनता जा रहा है। हालांकि इसके सामने कई चुनौतियां भी हैं।

## किड्स डीपीएस स्कूल में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए ड्रेस पार्टी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किड्स डीपीएस स्कूल, मोहन नगर में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए पजामा पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चे आरामदायक कपड़े पहनकर आए और बच्चों ने खूब मस्ती की। इस अवसर पर बच्चों ने सिम्बा द लायन किंग फिल्म देखते हुए पॉपकॉर्न का आनंद लिया। बच्चों के लिए आइस क्रीम पार्टी का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने अपनी पसंद की आइस क्रीम का भरपूर आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या साक्षी गाबा ने बताया कि इस पार्टी का उद्देश्य बच्चों को एक मजेदार और यादगार अनुभव प्रदान करना है ,जिसमें वे अपने दोस्तों के साथ मस्ती कर सकें और अपनी रचनात्मकता को व्यक्त कर सकें। विद्यालय सदैव बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ पाठ्येतर गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के अवसर प्रदान करता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को एक सुरक्षित और समर्थक वातावरण प्रदान करना है, जिससे वे अपने सपनों को पूरा करने की ओर अग्रसर हो सकें।



## ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा होगी ऐतिहासिक व यादगार : कैलाश सैनी

- 22 मई को लाडवा शहर में निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि 22 मई को लाडवा शहर में निकाली जाने वाली ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक व यादगार होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तिरंगा यात्रा में शिरकत करेंगे। इस तिरंगा यात्रा में लाडवा विधानसभा के हजारों लोग हिस्सा लेंगे। इस तिरंगा यात्रा से पहलगाम में हुई आतंकवादी हिंसा के दौरान मारे गए नागरिकों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी सोमवार को रामकुंडी धर्मशाला में ऑपरेशन सिंदूर तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक के उपरांत उन्होंने एसडीएम पंकज सेतिया के साथ यात्रा के रूट का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने बताया कि तिरंगा यात्रा बस अड्डा से शुरू होकर रामकुंडी चौक, मैन बाजार से होते हुए रामकुंडी चौक पर समापन होगी।



## तिरंगा यात्रा निकालकर देशभक्ति की मिसाल की प्रस्तुत

**कुरुक्षेत्र।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और राष्ट्र की गौरवशाली उपलब्धियों के उपलक्ष्य में लिटिल मिलेनियम स्कूल, सेक्टर-3 द्वारा एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सेक्टर-3 की मुख्य सड़कों से होते हुए पुनः विद्यालय में संपन्न हुई। इस आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सेक्टर-3 के निवासियों ने भी भारी संख्या में भाग लेकर देशभक्ति की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री सुभाष सुधा तथा मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी कैलाश सैनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इनके साथ-साथ कई अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, जिनमें प्रमुख रूप से पंकज खन्ना एम.सी. पिपली, एम.सी. दुश्यंत बक्शी, राजेन्द्र सैनी, प्रधान रमेश, प्रधान बिट्टू मित्तल, प्रवीण चौधरी, डॉ. नरेश सैनी, रविंद्र कुमार, गुलजार सिंह, सूबेदार स्वर्ण सिंह सैनी, रिंकू सैनी, देवेंद्र राणा, निशान सिंह नैन तथा जादूगर सम्राट शंकर उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम और जय हिंद जैसे राष्ट्रभक्ति नारों से वातावरण को देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत कर दिया।

**कार्यक्रम** ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत शाहबाद हल्के में निकाली तिरंगा यात्रा

# भारतीय सेना के अद्वितीय साहस और बलिदान की गाथा को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी : कलसाना

तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की सुरक्षा में समर्पित भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर अभियान के अंतर्गत शाहबाद हल्के में एक भव्य एवं ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता भाजपा कुरुक्षेत्र के जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी ने की, जबकि यात्रा का नेतृत्व वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष कलसाना ने किया। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देश की सुरक्षा में समर्पित भारतीय सेना के जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करना, उनके शौर्य एवं बलिदान का सम्मान करना तथा जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त बनाना था।



शाहबाद। यात्रा में शामिल जिलाध्यक्ष तेजीन्द्र सिंह गोल्डी, वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष कलसाना व अन्य।

यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, स्थानीय गणमान्य नागरिक, ग्रामीण, व्यापारी वर्ग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए। यात्रा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस से शुरू होकर उधम सिंह चौंक पर पहुंची जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इसके बाद प्रताप मंडी, आर्य कन्या गर्ल्स कॉलेज, नागरिक हस्पताल के सामने समेत अन्य जगहों से होते हुए शहीद जगदीश कालड़ा पार्क पर समापन हुआ जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तिरंगा यात्रा लोगों में देश भक्ति का जोश एवं जुनून भर गई। शहीद स्मारक पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पुष्प वर्षा, हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों, आतंकवाद मुदार्बाद और देश भक्ति गीतों से शाहाबाद मा. शहर गूंज उठा। सुभाष कलसाना ने कहा कि यह यात्रा भारतीय सेना के सम्मान में निकाली जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कुशल मार्गदर्शन में भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों ने जिस साहस, निष्ठा और अनुशासन के साथ ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, वह काबिल-ए तारीफ है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि राष्ट्र धर्म पर चलने का एक संकल्प है।

### यात्रा में ये रहे शामिल

इस गौरवमयी अवसर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बीबी करतार कौर, रविंद्र सांगवान,,हरियाणा सरपंच एसोसिएशन प्रधान जितेंद्र खैरा, अटवान सरपंच विक्रम, सरपंच रावा राकेश,सरपंच अजरानी दलबीर सैनी, मानसिंह सरायसुखी, सतीश संभालखी,सरपंच नलवी अमरवीर, सैयदपुर सरपंच हरविंदर, सरपंच छोड़पुर जसविंदर, सरपंच धीरपुर बलजीत कुमार, सरपंच झरोली खुर्द मोतीलाल, सरपंच गोबिंदमाजरा अभिषेक, सरपंच उदारसी सुखविंदर, सरपंच धुराला सतपाल, सरपंच अड़ौनी परमजीत, सरपंच तिगरी अशोक,गुरजंट सिंह, भाजपा शाहाबाद मंडल अध्यक्ष सुपार्श्व जैन, नलवी मंडल अध्यक्ष सर्वजीत कलसानी, धुराला मंडल अध्यक्ष नरेश कतलाहरी, तंगौर मंडल अध्यक्ष यादविंदर राणा,पार्षद ईशु सचदेवा, पार्षद ईशा ठकराल, पार्षद अमृत पाल, कुलवंत शर्मा,अंकुर सिद्धू, जिला सचिव अनु माल्यान, हैरी सैनी, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष राजदीप कौर बाजवा, अशोक गुप्ता, सरपंच हबाना रजत कुमार, कुलविंदर ढकाला, पूर्व ब्लाक समिति वाईस चेयरमैन रिंकू चहल,मंडल सचिव ईशा अग्रवाल,राजदीप कौर बाजवा, चंद्रभान खेड़ा, रविंद्र जोगीमाजरा आदि मौजूद रहे।

# भाजपाई पूरे जोश के साथ यात्रा में हुए शामिल, देशभक्ति गीतों पर जमकर झूमे लोग, कई जगह तिरंगा यात्रा का अभिनंदन, सेना के पराक्रम और जोश को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

पहलगाम में निहत्थे सेलानियों की निर्मम हत्या का भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब देने पर सेना के साहस, पराक्रम के लिए, सेना का हौसला बढ़ाने के लिए पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी के नेतृत्व में में तिरंगा यात्रा निकाली। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जन ने जोश एवं उत्साह के साथ लिया तिरंगा यात्रा में भाग। तिरंगा यात्रा में पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के साथ भाजपा जिला प्रधान मंदीप राणा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिला महामंत्री विवेक गुप्ता व कर्मचंद गोल्डी सैनी भी विशेष रूप से इस यात्रा में शामिल रहे। इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम जन ने भी उत्साह और जोश के साथ भाग लिया व राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया।

## तिरंगा देश की एकता और अखंडता का प्रतीक

यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं व आमजन ने तिरंगा लेकर जोश व उत्साह के साथ भारत माता की जय के नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। यह तिरंगा यात्रा अनाज मंडी से आरंभ होकर मुख्य बाजार से होती हुई नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर जाकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से समूचा शहर गूंज उठा और चारों ओर राष्ट्र प्रेम का अद्भुत माहौल देखने को मिला। डॉ. पवन सैनी ने इस अवसर पर कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, एकता और अखंडता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे देश सेवा के संकल्प के साथ आगे आएं और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। उन्होने कहा कि सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी हमलों का करारा जवाब दिया है। इस बार ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को नष्ट कर दिया गया है। हमारी सेना ने पाकिस्तान में स्थित ऐसे स्थलों को नष्ट कर दिया जहां आतंकियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और उनके ठिकाने थे।





नारायणगढ़। तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में जिस प्रकार से आंतकवादियों ने धर्म पूछ कर पर्यटकों को मारा था और हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, ऐसे आतंकवादियों को हमारी सेना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशानुसार उनके घर में उन्हें उनके अंजाम तक पहुंचाया है। इसलिए सेना के पराक्रम को सेल्युट करने तथा उनकी हौंसला अफजाई के लिए पूरे देश एवं प्रदेश में तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी तथा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली के मार्ग दर्शन में पहले जिला मुख्यालयों पर और अब प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही है, उसी कड़ी में यहां पर भी तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया है।

### ऐसे कार्यक्रमों से देश प्रेम की भावना होती है मबजूतः मंदीप राणा

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रधान मंदीप राणा ने भी तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए इसे जनभावनाओं से जुड़ा हुआ बताया है। इस आयोजन ने न केवल लोगों में देशप्रेम की भावना को प्रबल किया, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का संदेश भी दिया। उन्होने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत होती है। पीएम के नेतृत्व में पाकिस्तान परस्त आंतकवादियों को तीनों सेनाओं ने मुहंतोड़ जवाब दिया है। बता दें कि तिरंगा यात्रा ने देश भक्ति की भावना को ओर अधिक प्रबल किया है और लोगों को राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रति सजग रहने का संदेश दिया है। इस अवसर पर मण्डल प्रधान जगदीप कौर, धर्मवीर गुर्जर, विक्रम राणा, हरजिंद्र पाल, युवा जिला प्रधान संदीप अंबली, हनीश सैनी, जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा, पूर्व जिला प्रधान राजेश बतौरा, राकेश बिंदल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### दसवीं कक्षा का 100 फीसदी रहा परिणाम

**शहजादपुर।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में इस वर्ष कुल 101 बच्चे दसवीं कक्षा में परीक्षार्थी थे जिसमें सभी बच्चे पास हुए कोई भी बच्चा फेल नहीं हुआ। दसवीं कक्षा की छात्रा अंशिका ने 92 प्रतिशत लेकर अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अनुराधा 90 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर रजनी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया का शुभारंभ

**शहजादपुर।** राजकीय महिला महाविद्यालय में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ शुरू किया गया है। इस अवसर पर सेंट्रलाइज्ड एडमिशन पोर्टल को शुरू किया गया, जिसके माध्यम से छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगी। प्राचार्या डॉ. उमेश भारती ने इस अवसर को खास बनाते हुए महाविद्यालय प्रांगण में एक दशहरी आम का पौधा रोपित किया। उन्होंने इसे नवीन शैक्षणिक सत्र की हरियाली और नवचेतना का प्रतीक बताया। डॉ. भारती ने समस्त स्टाफ सदस्यों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश हेतु प्रेरित करें।

### दसवीं में निधि ने प्रथम स्थान हासिल किया

**नारायणगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा विगत दिवस घोषित 10 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और दसवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार ने बताया कि 10 वीं कक्षा में निधि ने 439 अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, मानसी ने 416 अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा सचिन ने 412 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। 10वीं कक्षा में तीन विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की।

### जानवी 393 अंक लेकर स्कूल में रही प्रथम

**बराड़ा।** राजकीय उच्च विद्यालय शेरपुर सुलखनी ने इस वर्ष भी अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम प्राप्त किया है। यह विद्यालय लगातार दूसरे वर्ष शत-प्रतिशत सफलता दर दर्ज कर रहा है, जो शिक्षकों की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। विद्यालय की होनहार छात्रा जानवी ने 393 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रुचिका ने 392 अंकों के साथ द्वितीय और गुंजन धीमान ने 388 अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## कई ट्रेनों को किया रद, कई ट्रेनें चलाई जाएंगी देरी से

# करनाल स्टेशन पर इंटरलॉकिंग की वजह से 32 गाड़ियां प्रभावित

### सात ट्रेनों को बदले मार्ग से, छह को बीच रास्ते रद्द किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अंबाला



अंबाला-दिल्ली रेल मार्ग पर करनाल रेलवे स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 32 ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। यह काम 19 से 21 मई तक चलेगा। इस दौरान छह ट्रेनों को पूर्ण तौर पर रद्द किया जाएगा। इसके अलावा सात ट्रेनों को बदले मार्ग से, छह को बीच रास्ते रद्द, आठ को पुनः संचालित और पांच ट्रेनों को 80 से 165 मिनट की देरी से चलाया जाएगा। दिल्ली रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि 21 मई को ट्रेन नंबर 14680 अमृतसर-नई दिल्ली, 14681 नई दिल्ली-जालंधर सिटी, 14679 नई दिल्ली-अमृतसर, 14682 जालंधर सिटी-नई दिल्ली, 64465 नई दिल्ली कुरुक्षेत्र जंक्शन ईएमयू, 64454 कुरुक्षेत्र जंक्शन-दिल्ली रद्द रहेंगी। 21 मई को ट्रेन नंबर 22488 अमृतसर-दिल्ली वंदे भारत व 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली एक्सप्रेस को अंबाला-सहारनपुर के रास्ते परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसी प्रकार 12926 अमृतसर-मुंबई सेंट्रल पश्चिम एक्सप्रेस को को कुरुक्षेत्र-जींद-पानीपत के रास्ते, 03309 धनबाद-जम्मूतवी स्पेशल, 22709 नांदेड़-अंब अंदौरा व 20 मई को 12925 मुंबई-अमृतसर ट्रेन को पानीपत-जींद-नरवाना-कुरुक्षेत्र के रास्ते, 12715 नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस को 20 मई को हजरत निजामुद्दीन-सहारनपुर-अंबाला के रास्ते चलाया जाएगा।

### देरी से चलने वाली ट्रेनें

ट्रेन नंबर 12046 चंडीगढ़-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस 20 मई को 105 मिनट की देरी से चलेगी। इसी प्रकार 15708 अमृतसर-कटिहार आम्रपाली 90 मिनट की देरी, 12926 अमृतसर-मुंबई पश्चिम एक्सप्रेस 80 मिनट की देरी, 22430 पठानकोट-दिल्ली 21 मई को 165 मिनट की देरी और ट्रेन नंबर 04652 अमृतसर-जयनगर 21 मई को 105 मिनट देरी से रवाना होगी।

### ये ट्रेनें बीच में रुकेंगी

ट्रेन नंबर 12715 नांदेड़-अमृतसर सचखंड एक्सप्रेस 19 मई को आदर्श नगर दिल्ली-घरौंडा के बीच 35 मिनट तक रोककर चलाई जाएगी। इसी प्रकार 14507 दिल्ली जंक्शन-फाजिल्का 20 मई को पानीपत-घरौंडा के बीच 25 मिनट तक, 22430 पठानकोट-दिल्ली 20 मई को मोहड़ी-कुरुक्षेत्र के बीच 30 मिनट तक रोकी जाएगी।

### ये ट्रेनें बीच रास्ते रद

ट्रेन नंबर 64465 नई दिल्ली-कुरुक्षेत्र 20 मई को पानीपत स्टेशन पर रद्द की जाएगी। इसी प्रकार 64454 कुरुक्षेत्र-दिल्ली को पानीपत, 11841 खजुराहो-कुरुक्षेत्र 20 मई को पानीपत, 11842 कुरुक्षेत्र-खजुराहो 21 को पानीपत और ट्रेन नंबर 14508 फाजिल्का-दिल्ली 21 मई को अंबाला कैंट स्टेशन पर रद्द रहेगी।

## कोलंबिया में बंधक बनाए गए पांच पंजाबी युवकों को राज्य सभा सांसद सतनाम संधू के हस्तक्षेप से छुड़ाया





- राज्यसभा सांसद सतनाम संधू द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर से रिहाई के लिए किए गए आग्रह के बाद छुड़ाये गये कोलंबिया में बंधक पांच पंजाबी युवक
- सांसद सतनाम संधू ने विदेश मंत्रालय की मदद से कोलंबिया में बंधक बनाए गए पंजाबी युवकों की रिहाई की सुनिश्चित
- कोलम्बिया में बंधक बनाए गए पंजाबी युवकों ने अपनी रिहाई के लिए सांसद सतनाम संधू का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭चंडीगढ़

पांच पंजाबी युवकों को, जिन्हें 'डंकी के रास्ते' के अमेरिका जाते समय कोलंबिया के कैपुरगाना में कथित रूप से बंदी बना लिया गया था, राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू के हस्तक्षेप से सफलतापूर्वक बचा लिया गया है। पांच पंजाबी युवा जिनकी उम्र बीस वर्ष (एक तीस वर्ष) के आसपास थी, 'अवैध मार्ग' से अमेरिका जाने की कोशिश कर रहे थे, जब कोलंबिया कैपुरगाना शहर में एक स्थानीय गिरोह ने उन्हें पकड़ लिया और उन्हें रिहा करने के लिए उनके माता-पिता से फिरौती की मांग की। एक परिचित के माध्यम से घटना की जानकारी मिलने के बाद मामले का संज्ञान लेते हुए राज्य सभा सांसद सतनाम संधू ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखकर मामले में हस्तक्षेप करने और कोलंबिया के कैपुरगाना में फंसे युवकों को बचाने और सुरक्षित वापसी की अपील की। संधू ने कोलंबिया में भारतीय दूतावास के अधिकारियों से भी संपर्क किया। युवकों की पहचान अमृतसर के लवदीप सिंह, जालंधर के गुरप्रीत सिंह, अमृतसर के करणदीप सिंह, जालंधर के गुरनाम सिंह और अमृतसर के रमनदीप सिंह के रूप में हुई है। ये पांच पंजाबी युवक करीब चार महीने पहले अपने पैतृक स्थानों निकले थे। बचाए जाने के बाद इन पांचों युवकों ने एक वीडियो क्लिप में सांसद सतनाम सिंह संधू को उनकी रिहाई के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि 'हम सुरक्षित हैं, हमें हमारे पासपोर्ट मिल गए है।

### विदेश मंत्रालय को लिखा था पत्र

विदेश मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में संधू ने कहा था कि इन युवाओं के परिवार गहरे दुख में हैं और उनकी सुरक्षा के बारे में बेहद चिंतित है। उन्होंने मामले की संवेदनशीलता और अंतर्राष्ट्रीय तस्करी नेटवर्कके शामिल होने के कारण विदेश मंत्रालय से कोलंबिया में भारतीय मिशन के साथ तालमेल करके तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करता किया था। संधू ने इस मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और इन युवाओं का जल्द से जल्द पता लगाने, सहायता करने और उन्हें बचाने के लिए आवश्यक उपाय शुरू करने का आग्रह किया था।

### स्थायी और मजबूत तंत्र की जरूरत

सांसद सतनाम सिंह संधू ने कहा, ”यह एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसे सरकार को सर्वोच्च प्राथमिकता की आवश्यकता है। सरकार को ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कठोर दंड सुनिश्चित करके एक स्थायी और मजबूत तंत्र स्थापित करने की आवश्यकता है। आज अपराधी ऐसे अपराध करने से डरते नहीं हैं, क्योंकि उनके खिलाफ पर्याप्त रोकथाम नहीं है और परिणामस्वरूप भोले-भाले लोग जो बेहतर रोजगार या बेहतर जीवन की तलाश में विदेश जाने की कोशिश करते हैं, अक्सर उनके शिकार बन जाते हैं।

# कुणाल ने जीता गोल्ड मेडल

- ताइक्वांडो चैंपियनशिप - 2025 में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

ताइक्वांडो में माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा के कक्षा 6 के छात्र, कुणाल ने 28 वें अंबाला जिला ताइक्वांडो चैंपियनशिप - 2025 में स्वर्ण पदक हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया। यह आयोजन हरियाणा राज्य ताइक्वांडो एसोसिएशन, ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया और हरियाणा ओलंपिक एसोसिएशन की संबद्धता के तहत किया गया था।

कुणाल ने 29 किलोग्राम श्रेणी के तहत उप-जूनियर में जीत हासिल की और अब उसे राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में अंबाला का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। यह स्कूल के लिए बहुत गर्व की बात है। प्रधानाचार्या ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल और अतिरिक्त उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित भी किया। प्रधानाचार्य द्वारा खेलों की महत्ता बताते हुए छात्रों को उनमें अधिकाधिक हिस्सा लेने के लिए कहा गया।




नारायणगढ़। स्वर्ण पदक विजेता कुणाल। फोटो : हरिभूमि

# शिविर में 62 रोगियों की आंखें जांची

- श्री सनातन धर्म महावीर दल ने करवाया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭नारायणगढ़

श्री सनातन धर्म महावीर दल के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र जांच व महिला रोग जांच शिविर में 62 रोगियों ने अपने नेत्रों व अन्य बीमारियों की जांच करवाई। स्थानीय बजरंग भवन में लगाया गया यह शिविर कपिल आई अस्पताल तथा माधव नेत्र बैंक के सहयोग से लगाया गया। महावीर दल के महासचिव राजेश वर्मा ने बताया कि इस शिविर में कपिल आई अस्पताल अंबाला शहर से आई विशेषज्ञों की टीम ने लोगों की आंखों की बीमारियों की जांच की व उन्हें निरूशुल्क दवाईयां भी वितरित की तथा उन्हें चश्में के नंबर भी दिए गए। उन्होंने बताया कि हर महीने के तीसरे रविवार को संस्था द्वारा शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग अपनी आंखों की जांच करवाकर लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस शिविर में महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रजनी सैनी एमबीबीएस एमएस डीएनबी प्रसूति एवं महिला रोग विशेषज्ञ द्वारा शिविर में आई महिला रोगियों की जांच कर उन्हे मुफ्त दवाईयां दी गई। उन्होंने बताया कि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रजनी सैनी द्वारा बजरंग भवन में शिविर लगाकर महिला रोगियों की जांच कर उन्हे दवाईयां मुफ्त दी जाएंगी। शिविर में मौजूद पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी ने कहा कि श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा लोगों की भलाई के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाकर उन्हे लाभ पहुंचाया जा रहा है जोकि एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि महिला रोग विशेषज्ञ डॉ रजनी सैनी व आई अस्पताल से डॉ. कपिल वोहरा व उनकी टीम द्वारा संस्था के सहयोग से शिविर लगाकर जो स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा रहा है।



नारायणगढ़। महिला रोगी की जांच करती डॉ. रजनी सैनी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, पूर्व प्रधान जगदीश चंद वर्मा,संरक्षक विजय कंसल, उप प्रधान विनोद वर्मा,आदर्श गुप्ता, रामेश्वर शर्मा,नरेश कुमार, राजपाल धीमान, कुलबीर कपूर, कैम्प ईंचार्ज सतीश अग्रवाल व मा.सोमनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### शिशु भारती विद्यालय का महत्वपूर्ण अंग हैः वधवा

**कुरुक्षेत्र।** वंदना सभा में शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलवाते हुए कुरुक्षेत्र के मोहन नगर में स्थित गीता निकेतन विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य यशपाल वधवा ने कहा कि शिशु भारती विद्यालय के छात्रों का एक मंच है जहां छात्र संसद बैठकर परस्पर विद्यालय से संबंधित विषयों पर चर्चा ,तर्क एवं निर्णय करती हैं।

### पीएम श्री स्कूल की लड़कियों ने मारी बाजी

**बराड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 98.85% रहा। दसवीं की छात्रा वंशिका ने 440 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सलोनी ने 410 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा मिंकल ने 407 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष विद्यालय की 10वीं कक्षा की छह छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, वहीं 39 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ शानदार कार्यक्रम

# सांस्कृतिक गतिविधियों से छात्रों ने मचाई धूम

- कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭मुलाना

आर्य सीनियर सैकेंडरी स्कूल में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें देशभक्ति और आध्यात्मिक रंगों से सजे कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नोएडा (यूएसए.) से पधारे विवेक अग्रवाल अपनी धर्मपत्नी सोमिता अग्रवाल के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान प्रबंधक समिति के माननीय अध्यक्ष इंद्र राज , प्रेजिडेंट सतीश कुमार नरूला , प्रबंधक अरुण कुमार वालिया , नवीन मित्तल , अनीता सैनी , सुरेंद्र सैनी तथा पीटीए सदस्य रजनी बाला सहित समिति के अन्य सदस्य भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। देशभक्ति गीतों, नृत्यों और आध्यात्मिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। मुख्य अतिथि विवेक अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी को विद्यालय प्रबंधन की ओर से शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की अकादमिक उपलब्धियों को भी इस कार्यक्रम में विशेष स्थान मिला। कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणामों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।



मुलाना। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य जन। फोटो : हरिभूमि

### प्रधानाचार्य ने दी शुभकामनाएं

प्रधानाचार्य अशोक कुमार पुंडीर ने इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, प्रबंधक समिति के सदस्यों, शिक्षकगणों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं।